## आज का मौसम

धूप निकलेगी। बीच-बीच में बादल छाएंगे। उमस बढ़ेगी।

36.9° अधिकतम तापमान | 26.3° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 07 :00

# सीएचसी में बच्चे की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने दिया धरना

## परिजनों का जबरदस्ती इंजेक्शन लगाने का आरोप, चिकित्सकों की संवेदनशीलता एक बार फिर से सवालों के घेरे में

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** सरकारी अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों के साथ संवेदनहीन व्यवहार का एक और उदाहरण सामने आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मानिकपुर में सोमवार की रात एक पांच वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक ने जबर्दस्ती दो इंजेक्शन लगवा दिए, जिससे बच्चे ने तड़पकर दम तोड़ दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ अस्पताल में हंगामा काटते हुए धरना दिया। इस पर एसडीएम पंकज वर्मा और एसओ विनोद कुमार शुक्ला पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इस दौरान लगभग दो घंटे तक अफरातफरी मची रही।

मानिकपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुरेह केसरूआ के मजरा सुवरगढ़ा निवासी गोरेलाल कोल ने बताया कि बेटे अर्पित (5) के पेट में दर्द होने पर वे लोग उसे लेकर करीब साढ़े आठ बजे रात सीएचसी पहुंचे थे। उसने आरोप लगाया कि वहां गलत इलाज की वजह से रात करीब साढ़े 10 बजे उसकी मौत हो गई। अर्पित की मौत की जानकारी जैसे ही गांव पहुंची, बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए।



मानिकपुर सीएचसी में जुटे ग्रामीण और परिजनों को समझाते अधिकारी।



बच्चे के परिजनों के साथ बैठे सदर विधायक वीर सिंह पटेल व अन्य। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने ही उठाए व्यवस्था पर सवाल

लोगों ने आरोप लगाया कि सीएचसी में रात नौ बजे के बाद स्टाफ दरवाजा बंद कर आराम फरमाने लगते हैं। भाजपा नेता राकेश कोल के साथ अन्य लोगों विष्णु तिवारी, एजाज हसन सिद्दीकी, मोहम्मद फारुख आदि ने सीएमओ से इस ओर ध्यान देने की अपील की। इनका कहना था कि जनरेटर को कभीकभार ही चलाया जाता है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मोहन शुक्ला ने कहा कि अस्पताल की बेडशीट गंदी रहती हैं। जनरेटर शोपीस बना है। तीमारदारों को ठंडा पानी तक नसीब नहीं है। ढेरों अव्यवस्थाओं के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है।

डॉक्टर व अन्य स्टाफ पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने हाता निवासी भाजपा नेता आशीष कोल को सूचना दी तो वह भी पहुंच गए। उन्होंने भी गांववालों के साथ चिकित्सकों पर लापरवाही और गलत इलाज के आरोप लगाए। ग्रामीण मुख्य चिकित्साधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग को लेकर अड़ गए। स्थिति बिगड़ती देख उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई।

इस पर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा और थाना प्रभारी विनोद कुमार पहुंचे और परिजनों को जांच कराकर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए तैयार हुए।

गोरेलाल मजदूरी करके परिवार का भरणपोषण करता है। इसके चार बच्चों भुक्कू (10), बच्चू (8) और कोमल (2) के अलावा तीसरे नंबर पर बेटा अर्पित था।

### चिकित्सकों पर अभद्रता के आरोप



जानकारी देता मोहन।

पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के बाबा मोहन ने सीएचसी के चिकित्सकों पर अमानवीय और संवेदनहीन व्यवहार करने के आरोप लगाए। बताया कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और फार्मासिस्ट ने बिना किसी जांच के उसके नाती को इंजेक्शन लगा दिया। इस पर उसकी तबीयत और खराब होने लगी। मोहन के अनुसार, इस पर उसके छोटे पुत्र राजेश ने चिकित्सक व फार्मासिस्ट को बताया। आरोप है कि दोनों ने उसके साथ गाली गलौज की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि यहां से अपने मरीज को लेकर भाग जाओ। ज्यादा बहस करोगे तो तुम लोगों को भी जहर का इंजेक्शन देकर मार देंगे। उसने आरोप लगाया कि फार्मासिस्ट के कहने पर नर्स ने उसके नाती को दो और इंजेक्शन लगा दिए, जिससे रात लगभग 10 बजे उसकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इस संबंध में मोहन ने जिलाधिकारी को भी शिकायती पत्र भेजा है।

### पूर्व विधायक ने दी परिजनों को सांत्वना

पोस्टमार्टम पहुंचकर सपा के पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने परिजनों को सांत्वना दी। आरोप लगाया कि पहले तो इन लोगों को डॉक्टर मिले नहीं और फिर आए तो तीन इंजेक्शन लगा दिए। जिससे बच्चे की मौत हो गई। ऐसा लगता है कि दवा के ओवरडोज से बच्चे की जान गई है। मानिकपुर में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यदि चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई तो चुप नहीं बैठेंगे।

### इंजेक्शन लगाने से पहले ही हुई मौत:सीएमएस

उधर, इस संबंध में मानिकपुर स्वास्थ्य केंद्र के सीएमएस मनीष यादव ने आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि इंजेक्शन लगाने से पहले कैनुला लगाते समय ही बच्चे की मौत हो गई। बताया कि बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। उन्होंने कहा कि यह परिजनों ने नहीं बताया होगा कि इसके पहले कहां झाड़फूंक कराई थी।

### पहले भी हुए हैं ऐसे मामले

सरकारी अस्पतालों में इस तरह के मामले पहले भी चर्चा का विषय रहे हैं। पिछले साल 25 जून को जिला अस्पताल में लाई गई रैपुरा थाना क्षेत्र के बरहट निवासी दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने से मौत का आरोप लगाया था। इसी तरह एक अन्य मामला दिसंबर 2022 में हुआ था, जब शंकरगंज निवासी एक युवक ने सर्दी जुकाम की शिकायत पर अपनी नौ महीने की बच्ची को भर्ती कराया था और उसकी मौत हो गई थी। परिजनों ने इक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने से मौत होने की बात कही थी। तब सीएमएस ने फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स व वार्ड ब्वाय को निलंबित भी किया था। कई और छोटे बड़े मामले हैं, जिनसे सरकारी अस्पतालों का हाल पता चलता है।

## डामर गांव में आपूर्ति न होने से पानी की किल्लत बढ़ी

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के डामर गांव में पेयजल आपूर्ति न मिल पाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल की आपूर्ति बाधित होने से लोग हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हो रहे हैं। वही ऊंचाई वाले इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। क्षेत्र के डामर गांव में एकल पेयजल योजना से जल संस्थान का नलकूप लगा हुआ है। इससे डामर गांव सहित कुशौली पुरवा गांव को पेयजल आपूर्ति की जाती है। लेकिन जब से नमामि गंगे पेयजल योजना की पाइप लाइन गांव में डाली गई है। तब से पेयजल आपूर्ति की समस्या बन गई है। लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। पानी की आपूर्ति बेहद धीमी गति से हो रही है। कई घरों में हफ्तों से पानी नहीं पहुंच रहा है। गांव निवासी खड़ग सिंह यादव, सज्जन, गुरु प्रसाद, शिवशरण, धर्मेंद्र, आदि ग्रामीणों ने बताया कि पानी 24 घंटे में एक बार भी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण हैंडपंप का सहारा ले रहे हैं। वही नमामि गंगे पेयजल आपूर्ति योजना के पहले आपूर्ति सुचारू रूप से होती रही है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान से मांग की है कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था कराई जाए।

## एक अदद घर का मोहताज है गरीब का परिवार



व्यथा बताता पप्पू साहू। अमृत विचार

**राजापुर।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत नैनी में एक परिवार आज भी एक अदद घर का मोहताज है। वह टूटे फूटे घर में रहकर समय गुजार रहा है।

नैनी निवासी पप्पू साहू ने बताया कि 2014 से लगातार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत कई बार आवेदन कर चुका है। ग्राम प्रधान, ब्लाक एवं जिले के अधिकारियों के समक्ष आवास के लिए फरियाद कर चुका है लेकिन किसी ने लाभार्थी नहीं बनाया। बताया कि बरसात के दिनों में पूरे परिवार को सिर छिपाने के लिए जगह नहीं है। पन्नी व छानी छप्पर डालकर किसी प्रकार जीवनयापन कर रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन के नाम पर रुपये खर्च करने के बाद भी आवास नहीं मिला है। उसने आरोप लगाया कि गरीब होने के कारण सुविधा शुल्क नहीं दे पा रहा और इस वजह से आवास आवंटित नहीं किया जा रहा है। दावा किया कि ग्राम पंचायत में अपात्रों को सुविधा शुल्क लेकर आवास का आवंटन किया गया है।

# आर्मस्ट्रांग हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराई जाए

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या के विरोध में मंगलवार को जिला इकाई ने प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजा। इसमें हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट की अगुवाई में बसपाई मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां एसडीएम को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बसपाइयों ने मृतक के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता, पत्नी को राजपत्रित अधिकारी के रूप में नौकरी, परिवार को सरकारी सुरक्षा देने की भी मांग की। बसपाइयों ने देश में एस-एसटी पर बढ़ रहे अपराध पर रोक लगाने के लिए इस संबंध में एक्ट को सशक्त बनाने की भी मांग की। जमुना प्रसाद पाल, कौशलेंद्र कुमार एडवोकेट, नत्थू प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार गौहानी, राज बहादुर निषाद, बृजमोहन वर्मा, राजाराम वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, फूल कुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, रामपाल भारती, राजेंद्र वर्मा, शिवपूजन सोनकर, छोटेलाल वर्मा, दशरथ प्रसाद, सोनपाल वर्मा, विनोद पाल एडवोकेट, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, प्रिंस कुशवाहा, मदन कुशवाहा, राजकमल वर्मा, शिवबाबू गर्ग आदि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे बसपाई। अमृत विचार

- बसपाइयों ने एसडीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

# गांवों का औचक निरीक्षण कर देखें व्यवस्था: नरेंद्र कश्यप

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के बाद मंगलवार को हुई पहली समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार हुआ है। यह प्रदेश सरकार की उपलब्धि है।

उन्होंने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन से कहा कि वे सभी तहसील के गांवों में महीने में एक बार अवश्य निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं को देखें। मंत्री ने ग्राम पंचायत चकौंध में पेयजल की समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। संचालन मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने किया।



प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

# प्रधान लाएं गांव-मजरों में बदलाव

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान संबंधी अंतर्विभागीय ब्लॉक स्तरीय बैठक में ग्राम प्रधानों को मिलकर बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। ब्लाक सभागार में हुई बैठक में डीएम ने कहा कि गांव को परिवार की तरह समझें।

डीएम ने कहा कि गांव में छिड़काव मशीन नहीं है तो ग्राम निधि से खरीदें। डाक्टरों व अधिकारियों को दवाओं की व्यवस्था कराने, नालियों की सफाई आदि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग टीम भावना से काम करें कि लोगों को स्वस्थ रखा जा सके। सीडीओ ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को डीएम ने नई पहल करके ब्लॉक स्तर पर जागरूकता बैठकों का क्रम शुरू किया है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, बच्चों व वृद्धों पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए।

सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने भी अभियान की महत्वपूर्ण बातों को बताया। खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गत वर्ष कुचारम, बसंत नगर, चिल्लीमल एवं सुरसेन गांव में बीमारियां फैली थीं वहां पर विशेष चलाया जा रहा है। ब्लाक परिसर में पौधरोपण किया गया।

ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, सीवीओ डा. सुभाष चंद्र, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, बीएसए बीके शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रधानों को संबोधित करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

- पहाड़ी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक



बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते किसान। अमृत विचार

# मवेशियों को संरक्षित न किया तो होगी दिक्कत

कार्यालय संवादाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन की अलग-अलग ब्लाकों में हुई बैठकों में गौशालाओं में मवेशियों को संरक्षित न किए जाने का मुद्दा उठा। किसानों ने अधिकारियों को ज्ञापन देकर समस्याओं के निराकरण की मांग की।

कर्वी, पहाड़ी, रामनगर और मऊ में हुई बैठकों में किसानों ने समस्याओं पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि सीडीओ ने किसानों को आश्वस्त किया था कि एक जुलाई तक जिले की गौशालाओं को संचालित करा लिया जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ। किसान चिंतित हैं। जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अब गांवों में बंदरों ने जीना मुहाल कर दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान ने बिजली की अधाधुंध कटौती पर नाराजगी जताई। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि सिद्धपुर सहित दर्जनों गांवों में पानी की समस्या है। सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने जानवरों के टीकाकरण को समय रहते कराने की आवश्यकता बताई। ब्लॉक अध्यक्ष रमेशचंद्र पाठक, शत्रुघ्न सिंह, नीलकंठ द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, शिव सिंह, कमलेश, रामशरण राजपूत, विजय सिंह, युवा विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंत्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह, राजकुमार पांडेय, संतगोपाल भारतीय, संतु यादव आदि बैठकों में मौजूद रहे।

- भारतीय किसान यूनियन की बैठकों में उठा मुद्दा
- अधिकारियों को ज्ञापन देकर समाधान की उठाई मांग

गंदा धंधा | सीमा पर मध्य प्रदेश पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, भाग खड़े हुए शराब के कारोबारी

# ...तो तीर्थक्षेत्र में बढ़ रहा शराब का अवैध कारोबार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तो क्या तीर्थक्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। पहाड़ों के आसपास यह गंदा धंधा चल रहा है। इन सवालों की इस बात से पुष्टि होती है कि मंगलवार को मप्र और उप्र सीमा पर स्थित लोसरिया गांव में मप्र पुलिस ने लगभग छह क्विंटल महुआ बरामद किया। कई शराब भट्ठियों को नष्ट किया। हालांकि पुलिस की भनक पाकर आरोपी मंदाकिनी नदी में कूदकर भाग निकले।

थाना प्रभारी चित्रकूट (मप्र) पंकज शुक्ला की अगुवाई में सीमावर्ती गांवों में बीते दिन यह अभियान चला। उधर, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक कार में शराब लिए गुप्त गोदावरी की ओर जा रहे हैं। इस पर एसआई रामयश वर्मा ने गोदावरी रोड पर चौबेपुर तिराहे के पास घेराबंदी की। आरोपी युवकों ने पुलिस को देखकर भागने की नाकाम कोशिश की। इन्होंने अपने नाम अंकुश गर्ग पुत्र स्व. राम निवास गर्ग निवासी प्रमोदवन व संदीप सिंह सोलंकी पुत्र राम अभिलाष सिंह सोलंकी निवासी मवई खुर्द थाना मऊ जिला चित्रकूट बताए। कार से मिले 18 डिब्बों से 46,750 रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब और बीयर की बोतलें बरामद की गईं। आसपास के लोगों का कहना है कि तीर्थक्षेत्र में नदी किनारे और पहाड़ों के पीछे अवैध शराब का धंधा तेजी से फलफूल रहा है और इसके खिलाफ मप्र के साथ उप्र पुलिस को समन्वय बनाकर अभियान चलाना होगा, तभी इस पर अंकुश लगेगा।



पहाड़ के नीचे इस तरह बनाई जाती है शराब। अमृत विचार



नदी किनारे भी फलता फूलता है धंधा। अमृत विचार

- लोसरिया गांव में छह क्विंटल महुआ बरामद, भट्ठियां नष्ट

### मझगवां से लाई जाती है शराब

पूरा तीर्थक्षेत्र ड्राई एरिया घोषित है। लोग बताते हैं कि यहां के किसी भी होटल, लाज में दलालों के माध्यम से महंगे दाम पर शराब, बीयर मिल जाती है। बताया जाता है कि तीर्थक्षेत्र में लगभग चाय-पाना, किराना की लगभग 30 दुकानें ऐसी हैं, जहां शराब मिलती है। इसके पीछे लोग पुलिस की मिलीभगत बता हैं। बताया जाता है कि यह शराब मझगवां से लाई जाती है और यहां महंगे दामों पर बेची जाती है। यह भी बताया जा रहा है कि बीते दिन पकड़े गए युवक कार से यहां शराब बेचने ही आए थे।

**समाजसेवी ने जताई चिंता :** सर्वोदय सेवा आश्रम के समाजसेवी अभिमन्यु भाई ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में सरकार ने जिस क्षेत्रफल में ड्राई एरिया घोषित किया है, वहां लगभग 25 ऐसी जगहें हैं, जहां शराब आसानी से मिलती है।

## छेड़छाड़ के दोषियों को एक साल का कठोर कारावास

**चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रेनू मिश्रा ने थाना भरतकूप में दर्ज छेड़छाड़ के मामले में दोषी छोटेलाल पुत्र महबूब, मुखलेश पुत्र चुनकौना निवासीगण मऊ ब को एक-एक वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी। दोषियों को कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह एवं पैरोकार मुख्य आरक्षी आरिफ खान, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्रीप्रकाश यादव की गहन पैरवी एवं विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो तेज प्रताप सिंह की प्रभावी प्रस्तुति से दोषियों को सजा मिल सकी। गौरतलब है कि इस संबंध में सात जुलाई 22 को एक महिला ने दोनों दोषियों पर उसकी बेटी से छेड़छाड़ करने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना तत्कालीन एसआई कृपानंदन शर्मा ने की थी और 22 जुलाई 22 को आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र प्रेषित किया था।

## सार-संक्षेप



सर्किट हाउस में पौधा रोपते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप। अमृत विचार

### प्रभारी मंत्री ने सर्किट हाउस में रोपा पौधा

**चित्रकूट।** प्रभारी मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने मंगलवार को देवांगना घाटी के पास निर्माणधीन सर्किट हाउस में पौधरोपण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने भी पौधे रोपे। अधिशासी अभियंता भवन खंड निर्माण बांदा ने मंत्री को कामों की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि इसको और बेहतर कैसे बनाया जा सकता है, इस पर कार्ययोजना जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को भेजी जाए।



यात्रियों से लदी ट्रैक्टर-ट्राली की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### 183 वाहनों पर पांच लाख का चालान, एक वाहन सीज

**चित्रकूट।** प्रभारी यातायात शैलेंद्र सिंह ने मंगलवार को ट्रैफिक चौराहे पर सघन वाहन चेकिंग की। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन सीज किया गया। एक अन्य चालक का लाइसेन्स निरस्तीकरण के लिए भेजा गया। इस दौरान 183 वाहनों पर 5,08,200 रुपये का ई-चालान किया गया ।

### सड़क दुर्घटनाओं में बालक समेत दो की गई जान

**चित्रकूट।** सड़क हादसों में एक बालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। सतना (मप्र) जिले के नयागांव थाने के चौबेपुर का मयंक (6) पिता अजय के साथ ननिहाल भरतकूप थानांतर्गत मानपुर आया था। बीती शाम सड़क पर खेलते समय एक मैजिक ने टक्कर मार दी। मयंक की मौके पर मौत हो गई। उधर, सरधुआ थाना क्षेत्र के भानूपुर अहिरापुरवा निवासी राज ललित (28) पुत्र मैकूलाल भरतकूप गया था। मंगलवार दोपहर वह दोस्त के साथ बाइक से लौट रहा था। अपराह्न लगभग डेढ़ बजे खुटहा गांव के पास नीलगाय की टक्कर से बाइक काफी दूर घिसटती चली गई। ललित की मौत हो गई, उसके साथी को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा।

# जनपद में लगेंगे 64.90 लाख पौधे

## लक्ष्य के अनुरूप खुदवाएं गड्ढे, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक में लक्ष्य के अनुरूप गड्ढों की खुदाई शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी खंड विकास अधिकारियों से पौधरोपण तैयारियों की जानकारी लेकर लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण करते हुए इन्हें सुरक्षित रखने संबंधी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा। बताया कि हरेक ब्लाक में 500 से 1000 पौधे लगाए जाएंगे।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी नागेंद्र प्रताप। अमृत विचार

### एक पौधा मां के नाम करें रोपित

जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने पौधरोपण के लिए एक मार्ग पर एक प्रजाति के पौधे रोपित किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर तथा सड़क किनारे पौधरोपण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जाएं। उन्होंने एक पौधा मां के नाम पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक रूप से रोपित किए जाने को कहा।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम नागेंद्र प्रताप ने वृक्षारोपण व पर्यावरण समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि वृक्षारोपण किए जाने के लिए लक्ष्य के अनुरूप गड्ढों की खुदान को शत प्रतिशत सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से पौधरोपण किए जाने के लिए तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी अधिकारी वृक्षों को लक्ष्य के अनुरूप रोपण कराते हुए उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। उन्होंने पौधरोपण कार्य को गंभीरता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नर्सरी में पौधों की उपलब्धता को जनपद में किए जाने वाले पौधरोपण के अनुरूप तैयार रखा जाए। उन्होंने पौधों की उठान कार्य योजना बनाकर किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आगामी 20 जुलाई को होने वाले वृहद पौधरोपण कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग में कंट्रोल रूम संचालित करने के भी निर्देश दिए। जिला वनाधिकारी अरबिन्द कुमार ने बताया कि जनपद में 64.90 लाख पौधरोपण किया जाना है। इसमें वन विभाग द्वारा 25.51 लाख गड्ढों की खुदान पौधरोपण के लिए तैयार कर लिये गये हैं। ग्राम विकास विभाग द्वारा 22 लाख, कृषि विभाग 4.46 लाख, उद्यान विभाग 2.75 लाख, पंचायतीराज 2.27 लाख, नगर विकास द्वारा 44 हजार लक्ष्य के साथ अन्य विभिन्न विभागों द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, समस्त खंड विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरोपी को हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**बांदा।** गिरवां थाने में बलात्कार के आरोपी छात्र को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। उच्च न्यायालय ने छात्र के पूर्ववृत्त और आरोपों की प्रकृति के आधार पर अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर दी है।

गिरवां थाने के जरर गांव में एक विद्यालय में प्राइवेट शिक्षिका ने 21 मई 2024 पुलिस को तहरीर देकर आरोपी हिमांशु तिवारी पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने और उसके तीन साथियों पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस पर आरोपी ने हाईकोर्ट में अंतरिम जमानत की अर्जी प्रस्तुत की। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश विवेक कुमार वर्मा ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना और जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। अदालत में आरोपी के अधिवक्ता विवेक अवस्थी ने पक्ष रखते हुए बताया कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से यौन संबंधों का मामला है। जबकि दो साल बाद आरोपी को झूठे मामले में फंसाया गया है। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बात सुनने के बाद अदालत ने आरोपी की अंतरिम जमानत मंजूर कर दी है।

# नहीं बनी सीसी रोड, दलदल और पानी से होकर स्कूल जाते हैं विद्यार्थी

संवाददाता, अतर्रा(बांदा)

- पालिका और ग्राम पंचायत के बीच सीमा विवाद के चलते नहीं बन पा रही सड़क
- पालिका अधिकारियों से भी कई बार लगाई जा चुकी है गुहार, नतीजे रहे सिफर

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत व नगर पालिका सीमा विवाद में फंसे कच्चे रास्ते पर सीसी रोड नहीं बन पा रही। मजरे के ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। मजबूरी में तमाम विद्यार्थी पानी व कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल आते-जाते हैं। उच्चाधिकारियों से लेकर नगर पालिका अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

कस्बे के बांदा रोड से लगे छोटू यादव के पुरवा में जाने के लिए कच्चा रास्ता है। इसी रास्ते से होकर सतौव पुरवा दिखितवारा ग्राम सभा में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चे आवागमन करते हैं। पिछले काफी समय से छोटू यादव का पुरवा एवं सतौवा पुरवा के ग्रामीण इस कच्चे रास्ते पर आरसीसी बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन यह संपर्क मार्ग नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत दिखितवारा के बीच सीमा विवाद के चलते नहीं बन पा रहा है। बरसात के महीने में सड़क पर पानी लबालब भर जाता है जिससे होकर स्कूली छात्रों व ग्रामीणों को निकलना पड़ता है। पूर्व में जिला पंचायत निधि से बनाया गया मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को भी पानी से ही होकर स्कूल आना जाना पड़ता है। प्रकाश चंद्र,कामता, पप्पू यादव, मातादीन, अशोक,शोभा कुशवाहा, बच्छराज यादव, राजाबाबू, विनोद कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि उच्चाधिकारियो से लेकर नगर पालिका के जिम्मेदारों से सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन किसी ने उनकी समस्या को तवज्जो नहीं दी। ग्रामीणों ने सीसी रोड बनाए जाने की मांग की है।



दलदल व पानी से होकर स्कूल जाते बच्चे। अमृत विचार

# वाहन चलाते 82 नाबालिगों का काटा चालान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- यातायात पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान
- बच्चों को वाहन न चलाने के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार।** अब 18 वर्ष से कम उम्र के वाहन चलाने नाबालिगों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शासन के सख्त निर्देश पर परिवहन विभाग और पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने पूरे जनपद में यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के साथ सड़कों पर फर्राटा भरने वाले 82 नाबालिगों के चालान काटे गए।

बबेरू कस्बे में टीएसआई संजय कुमार सिंह ने कांस्टेबिल बालेंदु सिंह, विजय, अभिषेक सिंह के साथ मंगलवार को अभियान को चलाया। इस दौरान कई नाबालिग दो पहिया और चारपहिया वाहन चलाते पकड़े गए। अभिभावकों को बुलाकर यातायात पुलिस कर्मियों ने कड़ी चेतावनी दी। कहा कि अब अगर दोबारा नाबालिग वाहन चलाते मिलेंगे तो उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। 50 वाहनों का चालान काटने के साथ ही परिजनों को कड़ी हिदायत दी गई। इसके अलावा यातायात निरीक्षक ऋषिदेव सिंह ने कांस्टेबिल सर्वेश व जगदेश सिंह के साथ शहर के प्रमुख स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कहा कि बच्चों को किसी प्रकार का वाहन न चलाने दें। पहली गलती मानकर छोड़ा जा रहा है। दोबारा अगर बच्चे वाहन चलाते मिले तो चालान के साथ ही अभिभावकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धारा 125 के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ 25 हजार रुपये का अर्थदंड किया जाएगा। यातायात निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान लगातार चलेगा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 32 नाबालिगों के वाहनों का चालान काटा गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अभिभावकों से कहा है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी दशा में वाहन न चलाने दें।



ई-रिक्शा चलाते नाबालिग से पूछताछ करते टीआई। अमृत विचार

# समूह के खातों से रुपये निकालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** स्वयं सहायता समूह एवं वीओ ग्राम संगठन की अध्यक्ष व सचिव के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका मिशन की सदस्य है जो गांव में समूह बनाकर गरीब महिलाओं की सहायता व रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराती हैं। यह कार्यक्रम आजीविका मिशन विभाग द्वारा संचालित होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएमएम बड़ोखर खुर्द आकांक्षा कुशवाहा द्वारा संगठनों के खाते में जो रुपया भेजा जा रहा है उसे अवैध दबाव बनाकर बिना सूचना के उनके घरों में जाकर अथवा फोन के माध्यम से खातों में भेजी गई रकम को वापस लिया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह वीओ ग्राम संगठन की अध्यक्ष व सचिव ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि उनके खातों में जमा पैसा जो कि बीएमएम बड़ोखर खुर्द आकांक्षा कुशवाहा द्वारा संगठनों के खातों में पैसा भेजा जाता है, लेकिन यह दबाव बनाकर कि यह सरकारी रुपया है, निकाल दो, जिसे सीएनएफ के खाते में वापस करना है। उन्होंने इस मामले की जांच कराकर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की जोरदार मांग की है।


**कार्यालय प्राचार्य, अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अतर्रा (बाँदा)**

पत्रांक :231/ विवरण पत्रिका/2024-25 दिनांक - 09-07-2023

अतर्रा पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, अतर्रा (बाँदा)
अति अल्पकालिक निविदा सूचना

शैक्षिक सत्र 2024-25 विवरण पत्रिका के मुद्रण हेतु पंजीकृत फर्मो/प्रेसो से मुहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। विवरण पत्रिका 170 जी0एस0एम0 एवं आवरण पृष्ठ 270 जी0एस0एम0 आर्ट पेपर पर फोर कलर प्रिंटिंग में मुद्रित होगी। निविदा प्रपत्र के साथ कागज का नमूना संलग्न करना होगा।

विवरण पत्रिका एवं उसके साथ मुद्रित कर आपूर्ति करने वाले प्रपत्रों का नमूना तथा निविदा की शर्ते किसी कार्य दिवस में महाविद्यालय कार्यालय में देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र रू0 500.00 नकद जमा कर दिनांक 14.07.2024 तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं दिनांक 16.07.2024 को महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष में रखे निविदा बाक्स में पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:30 बजे तक डाली जायेगी एवं उसी दिन 01:30 बजे अपरान्ह समिति के पदाधिकारियों तथा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

विवरण पत्रिका निर्धारित संख्या में मुद्रित कर कार्यादेश निर्गत होने से 10 दिन के अन्दर आपूर्ति करनी होगी।

अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति प्राचार्य


# तीन युवकों ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** ससुरालीजनों द्वारा अपमानित किए जाने से क्षुब्ध होकर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। उधर, कैंसर बीमारी से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उधर, युवक ने फांसी लगाकर दुनिया छोड़ दी।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के बरुआ स्योढ़ा गांव निवासी मनोज (28) पुत्र राजाराम ने सोमवार की सुबह कमरे के अंदर छप्पर की धनी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कुछ देर बाद छोटे भाई ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। छोटे भाई छोटू ने बताया कि मनोज ड्राइवरी करता था। उसकी पत्नी बसंती 7 माह पहले अपने मायके हीरापुर टपरिया (पन्ना) चली गई थी। वह कई बार अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल गया। लेकिन पत्नी साथ नहीं आई। चार दिन पहले मनोज ससुराल गया था। ससुराली जनों ने अपमानित करते हुए उसे भगा दिया। इसी से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

उधर, तिंदवारी थाना क्षेत्र के क्योटरा निवासी चंद्रपाल (45) पुत्र श्यामलाल ने मंगलवार की सुबह खेत पर लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के चचेरे भाई राजबहादुर ने बताया कि चंद्रपाल मजदूरी करता था। कैंसर की बीमारी से पीड़ित था। इलाज के दौरान उसके ऊपर कर्ज भी काफी हो गया। इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसी तरह पैलानी डेरा निवासी विनय (35) पुत्र बाबूलाल यादव सोमवार की रात घर वालों की निगाहें बचा कर खेतों की तरफ चला गया वहां पर लगे नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार को सुबह खोजबीन में जुटे परिजनों ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतक के चाचा गंगाराम यादव ने बताया कि विनय अहमदाबाद में रहकर काम करता था। चार दिन पहले ही गांव लौटा था। रात को उसकी पत्नी अल्पना का घरेलू किसी बात को लेकर सास से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर विनय ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### बाइक विद्युत पोल से टकराई, युवक की मौत

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव के मजरा तिनका पुरवा निवासी राम विलास (18) पुत्र देशराज सोमवार की शाम अपनी बहन उषा के घर रमईपुर निमंत्रण में शामिल होने जा रहा था तभी शाहपुर के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकराने गई जिससे राम विलास की मौके पर मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया मृतक के चचेरे भाई धीरेंद्र ने बताया कि रामविलास अपनी बहन की ससुराल निमंत्रण में जा रहा था। तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।

## प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग

**बांदा।** नरैनी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गहबरा के अंश नौगवां निवासी महिला सविता सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि पात्र होने के बावजूद भी उसे प्रधानमंत्री आवास नहीं दिया जा रहा है, बल्कि सूची से उसका नाम मध्यप्रदेश के जनपद सतना का निवासी बताकर हटा दिया जाता है जो कि पूरी तरह से गलत है और यह रिपोर्ट प्रधान के घर पर बैठकर सचिव द्वारा तैयार की जाती है।

पीड़िता ने बताया कि वह प्राथमिक पाठशाला गहबरा में रसोइयां के पद पर तैनात है। जिसका प्रमाण प्रधानाध्यापक द्वारा दिया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे आवास के बदले 10 हजार रुपए की मांग की जाती है जो न दे पाने के कारण उसे इस लाभ से अपात्र बनाकर वंचित कर दिया गया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।






NATIONAL PRINTERS KANPUR 9621790704

आयोजन | तिंदवारी ब्लाक में भाजपा के मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में बोले पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल

# विपक्ष के बहकावे में इतिहास रचने से चूकी जनता

संवाददाता,तिंदवारी (बांदा)

- कार्यक्रमों के जरिये पार्टी तलाश रही है हार के कारण

**अमृत विचार।** देश की सत्ता में लगातार तीसरी बार काबिज होने वाली भारतीय जनता पार्टी विधानसभावार मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित कर रही है और क्षेत्र की जनता को मोदी सरकार चुनने के लिए आभार व्यक्त कर रही है। वहीं जिन क्षेत्रों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है, वहां की जनता की नब्ज टटोलने का भी प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि विपक्ष की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर जनता इतिहास रचने से चूक गई। मंगलवार को तिंदवारी ब्लाक परिसर में तिंदवारी विधानसभा के मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीरपुर लोकसभा से हार का सामना करने वाले पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कहा कि मोदी की गारंटी ने जहां भाजपा को जिताने का काम किया है, वहीं विपक्ष की गारंटी केवल आम जनता को बहकाने के लिए चर्चित रही। उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिस जनता ने उन्हें चुनाव जिताकर संसद में पहुंचाया है, उसे ही वह हिंसक बता रहे हैं। उन्होंने अपनी हार पर चर्चा करते हुए कहा कि अगर क्षेत्र के भोले भाले मतदाता विपक्ष के बहकावे में न आते तो वह नया इतिहास रचने को तैयार थे। पूर्व सांसद ने कहा कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगामी पांच साल में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। कहा कि जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए विकास की सरकार को चुना है। उन्होंने आम मतदाता के साथ ही जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, बड़ोखर ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, तिंदवारी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी आदि ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी और संचालन महामंत्री बृजेंद्र सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर विधानसभा संयोजक राकेश सिंह चौहान, पैलानी मंडल अध्यक्ष अमित निगम, देशराज सिंह, राजर्षी शुक्ला, ममता त्रिपाठी, राजू सिंह फौजी, कृष्ण कुमार शुक्ला, सत्येंद्र प्रताप सिंह, चंद्रभूषण पटेल, अतुल दीक्षित, अरुण सिंह पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छेद्दू, भिडौरा प्रधान शिवनायक सिंह परिहार, पुष्पेंद्र शुक्ला, राखी सिंह रहे।




मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।

# सूचना के एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस, ग्रामीणों में गुस्सा

## पुलिस के वाहन से घायल अस्पताल गए, सड़क पर आग की लपटें देख थम गया श्रीनगर बेलाताल मार्ग पर आवागमन

कार्यालय संवाददाता, महोबा



घटनास्थल का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीनगर बेलाताल मार्ग पर हुआ हादसा हृदय विदारक था। चार बाइक सवारों के जिंदा जलने के बाद बचाई गई दो जानों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस भी समय पर नहीं आई। पुलिस ने ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता देख अपने वाहनों से झुलसी हुई किशोरी व बच्चे को श्रीनगर के सीएचसी तक पहुंचाया। इस बीच आग की लपटों में घिरे बाइकवारों को देखकर आवागमन रुक गया।

शासन द्वारा घायलों को समय से अस्पताल तक पहुंचे के लिए जिला अस्पताल के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एम्बुलेंस की व्यवस्था कर दी गई है, जिससे घटना स्थल के नजदीक वाले स्वास्थ्य केंद्र से एम्बुलेंस को समय से भेजा जा सके। एम्बुलेंस के नम्बर पर काल करने पर सीधा लखनऊ हेड क्वाटर पर रिसीव होने पर तत्काल एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जाता है, लेकिन मंगलवार को हुए हृदय विदारक हादसे के बाद भी एम्बुलेंस सूचना के एक घंटे बाद पहुंची, जिससे आग से झुलसे लोगों को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल सकी।

एम्बुलेंस के एक घंटे तक न आने पर पुलिस ने अपने वाहन से आग से झुलसे दोनो लोगों को मेडिकल कालेज तक पहुंचाया, जहां पर उनका उपचार भी शुरू हो गया है, लेकिन सूचना के बाद भी एम्बुलेंस का कोई अता पता न चलने पर घटना स्थल पर उमड़ी भीड़ ने जमकर होहल्ला मचाया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए पुलिस ने एम्बुलेंस का आने का इंतजार किए बिना ही अपने वाहन से घायलों को पहुंचाया।

गनीमत रही कि पुलिस समय से उन्हें ले गई, क्योंकि एम्बुलेंस एक घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची, जिससे एम्बुलेंस चालक को भीड़ ने जमकर खरी खोटी सुनाई। हालांकि भारी पुलिस फोर्स होने के कारण एम्बुलेंस चालक को वहां से भगा दिया गया। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने एम्बुलेंस किस कारण देर से आई है इसकी भी जांच कराए जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

श्रीनगर बेलाताल मार्ग में दो बाइकों में आग लग जाने से पहले तो अफरातफरी मच गई, बाद में चीख पुकार सुनकर लोग बाइक सवारों को बचाने के लिए दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए।

सड़क क बीचोबीच बाइकों से निकल रही आग की लपटो को देखकर मार्ग पर गुजरने वाले वाहन जहां के तहां खड़े हो गए, जिससे थोडी ही देर में घटना स्थल के दोनो तरफ तमाम वाहन एकत्र हो गए। हालांकि कुछ वाहन चालकों ने अपने वाहनों से उतर कर आग में जल रहे लोगों के बचाने के लिए मदद की।

### 80 फीसदी बाइक चालक नहीं लगाते हेलमेट

एआरटीओ विभाग और पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा कभी कभार अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की जाती है। वाहन चेकिंग दौरान 80 फीसदी से ज्यादा बाइक चालक बिना हेलमेट के पाए जाते हैं। इसके बाद भी बमुश्किल बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले दस प्रतिशत लोगों पर ही कार्रवाई होती है। यदि बाइक सवार हेलमेट पहने होते तो काफी हद तक बचने की उम्मीद बनी रहती, लेकिन दोनो बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे।



ग्रामीणों की लगी भीड़। अमृत विचार

### स्पीड पर नहीं लग पा रही रोक

सहायक संभागीय परिवहन विभाग द्वारा यातायात सप्ताह और यातायात माह हर साल मनाया जाता है। इस दौरान वाहन चालकों के चौराहो, मुख्य मार्गों और एआरटी कार्यालय परिसर में शिविर लगाकर वाहनों को धीमी गति से चलाने, सिर पर हेलमेट लगाने और दो से अधिक लोगों की बाइक में न बैठाकर चलने के दिशा निर्देश दिए जाते है, लेकिन शिविर से बाहर निकलते ही बाइक चालक अधिकारी और बुद्धिजीवियों द्वारा बताए गए यातायात नियम कानून को दरकिनारे कर अपने हिसाब से वाहनों को चलाने लगते है। स्कूल कालेजों में गोष्ठिया करके युवाओं को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए हर समय निर्धारित स्पीड पर वाहन चालने के गुर बताए जाते हैं।



घटनास्थल पर परिजन। अमृत विचार

### फैशन में शामिल हो गई हाई स्पीड ड्राइविंग

- आज कल युवाओं में तेज रफ्तार से बाइक चलाना फैशन बन गया है। 18 से 25 साल के युवा हाईवे तो दूर भीड़भाड़ वाले क्षेत्र और सिंगल रोड पर भी तेज गति से वाहन चलाते है। यहां तक कि बाइक पर परिवार को लेकर चलते समय भी सड़क सुरक्षा का ध्यान नहीं रखते। एक की गलती का खामियाजा दूसरा भी भुगतता है। मंगलवार को श्रीनगर ननौरा मार्ग पर यही हुआ। दो बाइकों के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद दोनो बाइकों को जलता देख और चीख पुकार को सुनकर ग्रामीण दमकल वाहन आने से पहले ही आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने गति अनियंत्रित बताई

- दिल दहलाने वाले इस हादसे ने अधिकारियों से लेकर आम लोगों तक को दहला दिया है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि एक बाइक को तो उन्होंने स्वयं अपनी आंखों से आउट आफ लिमिट स्पीड से जाते हुए देखा है। उनका कहना है कि उनकी तेज रफ्तार को देखकर वह दो मिनट तक बाइक सवारों को देखते रहे। बाद में दुर्घटना की जानकारी मिलने पर वह भी घटनास्थल पर पहुंच गए और उन्होंने तेज स्पीड होने जानकारी दी। दुर्घटना के चलते जिला अस्पताल में कभी मृत तो कभी घायल अवस्था में इसी उम्र के लोग ही नजर आते हैं।

### पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे

- आज हुए इस हादसे में बाइक चालक ललतेश (22) और दूसरे बाइक चालक सुनील राही (22) उम्र के ही पाए गए। इनकी तेज रफ्तार ने परिजनों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। एक साथ सड़क हादसे में हुई चार लोगों की मौत से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कुछ मृतक के परिजन चीखते चिल्लाते हुए घटना स्थल पर ही पहुंच गए। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के अलावा अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने भी मौके पर पहुंचकर हादसे का जायजा लिया।

# आधार के चक्कर में फंसी राशनकार्ड की ई-केवाईसी



आधारकार्ड अपडेट कराने के लिए केंद्र खुलने का इंतजार करते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आधार कार्ड में संशोधन कराने केंद्रों पर सुबह से ही पहुंच रहे लोग

**अमृत विचार।** राशन उपभोक्ताओं को मिलने वाले मुफ्त खाद्यान्न के लिए अब ई-केवाईसी कराया अनिवार्य हो गया है, जिसको लेकर कार्डधारक सरकारी राशन की दुकानों पर केवाईसी कराने के लिए पहुंच रहे हैं। राशनकार्ड धारको के आधारकार्ड में तमाम कमियां निकलने के कारण उन्हे केवाईसी से पहले आधारकार्ड को संशोधन कराना पड़ रहा है, जिससे आधारकार्ड संशोधन के चक्कर में राशनकार्ड केवाईसी फंस कर रह गई है और आधारकार्ड की त्रुटियों को दूर करने के लिए आधारकार्ड केंद्रों पर लोगों की भारी भीड़ जुट रही है, जिससे मंगलवार को शहर में सुबह सुबह ही आधारकार्ड केंद्र खुलने से पहले ही पहुंच गए और अपना पहले नंबर लगाने के लिए गेट के आसपास बैठे रहे।

मंगलवार को शहर के तहसील रोड स्थित आधारकार्ड केंद्र में सबसे ज्यादा भीड़ लोगों की उमड़ रही है, यहां पर आसपास के ग्रामों के ग्रामीण भी अपना आधार अपडेट कराने के लिए केंद्र खुलने से पहले पहुंच गए, जिससे उनका पहले नम्बर लग सके। आधारकार्ड केंद्र खुलते ही कर्मचारियों द्वारा लोगों के फार्म जमा कर उन्हें नम्बर से बुलाकर आधार अपडेट किया जाता रहा, लेकिन इनवर्टर और जनरेटर की व्यवस्था न होने के कारण बिजली जाने पर लोगों को लम्बा इंतजार करना पड़ा और बिजली की आंख मिचौली के चलते ज्यादातर लोग आधार अपडेट से महरुम रह गए, जिन्हें दूसरे दिन बुलाया। राशनकार्ड ईकेवाईसी कराने के लिए राशनकार्ड धारकों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

गौरतलब है कि सभी राशनकार्ड धारकों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है, जिसके लिए राशन की दुकानों पर राशनकार्ड धारक अपने परिवार के साथ केवाईसी कराने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे राशन की दुकानों पर पहलेसे ज्यादा भीड़ उमड़ रही है, लेकिन सर्वर फेल व अन्य तकनीकी खराबी के चलते कार्डधारक घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जब सर्वर आने पर उनकी केवाईसी की जाती है तो आधारकार्ड में तमाम तरह की खामियां होने के कारण कार्डधारकों की केवाईसी नहीं हो पाती है और उन्हें पहले आधारकार्ड को अपडेट करने के लिए भेजा जाता है। राशन की दुकानों के साथ अब आधारकार्ड केंद्र पर संशोधन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

# मांगें पूरी न होने पर 15 से अनिश्चितकालीन धरना

कार्यालय संवाददाता, महोबा



शिकायती पत्र लेकर जिलाधिकारी कार्यालय जाते जिलाध्यक्ष व किसान।

- भाकियू ने अधिकारियों के खिलाफ दोबारा जांच की उठाई मांग

**अमृत विचार।** पीसीएफ केंद्र प्रभारी अजनर और बिजली उपखंड कबरई के एसडीओ द्वारा की गई अनियमितताएं की उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद जांच प्रक्रिया शुरु की गई, लेकिन जांच अधिकारी ने उन बिन्दुओं पर जांच ही नहीं की गई जिसकी उपभोक्ताओं और किसान नेताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। साथ ही जांच पत्र में शिकायतकर्ता व शिकायती पत्रों का भी उल्लेख नहीं किया गया, जिससे भारतीय हरधर किसान यूनियन में आक्रोश व्याप्त है। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर फिर से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी भी दी कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो वह 15 जुलाई से डीएम कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हो जाएगे।

भारतीय हरधर किसान यूनियन जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि उपखंड कबरई के एसडीओ द्वारा उपभोक्ताओं से बिल कम करने के नाम पर धन उगाही किए जाने की किसान यूनियन और उपभोक्ताओं ने अधिशाषी अभियंता विद्युत सहित तमाम अधिकारियों से की गई थी, लेकिन भ्रष्ट अधिकारी पर कोई जाच कर कार्रवाई नहीं की गई।

इसी प्रकार पीसीएफ केंद्र प्रभारी अजनर द्वारा किसानों की फसल न खरीदकर व्यापारियों का माल खरीदे जाने पर किसानों ने जमकर बवाल काटा और केंद्र से खरीदी गई फसल भी बरामद होने के बाद एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन जांच के बाद शिकायतकर्ताओं को जांच आख्या नहीं दी गई। दोनो अधिकारियों द्वारा की गई अनियमितताएं करने के बाद जांच अधिकारी द्वारा जांच की गई, लेकिन किसानों और उपभोक्ताओं द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में की मांगों के आधार पर जांच नहीं की गई और न ही शिकायतकर्ताओं और शिकायती पत्र का उल्लेख किया गया।

भातीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसान व उपभोक्ता कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में मौजूद अतिरिक्त एसडीएम को शिकायती पत्र देकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ दोबारा जांच कराए जाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में बताया कि 10 जुलाई तक भ्रष्ट अधिकारी की जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो 11 जुलाई को कमिश्नर बांदा को शिकायती पत्र दिया जाएगा और इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है तो 15 जुलाई से किसान यूनियन के पदाधिकारी, किसान व उपभोक्ता डीएम के कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद करेंगे और जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मकान का छज्जा गिरने से बच्ची की मौत, मां घायल

संवाददाता, पनवाड़ी-महोबा

- पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मां-बेटी को मलबे से निकाला

**अमृत विचार।** थाना पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम फदना में एक मकान का छज्जा गिरने से एक मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रुप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल मां को मलबे से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ ले जाया गया, जहां से डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं मासूम के शव को बार निकालकर पंचनामा किया गया।



पिंकी।

थाना क्षेत्र के ग्राम फदना निवासी भरत कुमार वालमीक की 23 वर्षीय पत्नी सपना सोमवार देर शाम अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी पूर्वी के साथ छत पर बैठक खेल रही थी, तभी मां फोन पर बात करने लगी, तभी मासूम खेलते खेलते छज्जे पर पहुँच गयी, जिस पर उसकी मां उसको पकड़ने के लिए छज्जे पर पहुंची तभी बारिश के चलते कमजोर छज्जा नीचे गिर गया, जिससे मां बेटी दोनो छज्जे के मलवे में दब गए। शोर शराबा सुन परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो मां बेटी को मलवे में दबा देख पुलिस को सूचना दी और मलवा हटाने का प्रयास करने लगे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मां बेटी को मलवे से उठाया गया, लेकिन तब तक मासूम पूर्वी की मलवे में दबकर मौत हो चुकी थी और मां खून से लथपथ थी। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा।

# छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नौ साल पूर्व किशोरी के साथ छेड़खानी करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाल सिंह की अदालत ने तीन वर्ष का कठोर कारावास व 12 हजार के अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक अवध नरेश चंदेल ने बताया कि राठ थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने 17 मार्च 2015 को दी तहरीर में बताया था कि धीरेंद्र राजपूत निवासी स्यावरी थाना राठ की नाबालिग बेटी के साथ जबरन छेड़छाड़ कर रहा था। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाल सिंह की अदालत ने मंगलवार को दोषी धीरेंद्र राजपूत को तीन वर्ष की सजा सुनाई है।

# अपर जिला जज ने बंदियों की समस्याएं सुनीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा



उपकारागार का निरीक्षण करते अपर जिला जज तेंद्र पाल। अमृत विचार

- बैरक, भोजनालय की सफाई देखी, बेहतर व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज तेंद्र पाल द्वारा मंगलवार को जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान बैरकों, भोजनालय में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। अपर जिला जज ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनका निरुद्ध बंदियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबन्ध में जेलर से उनकी समस्याओं का निदान कराए जाने के भी निर्देश दिए गए।

अपर जिला जज ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई के पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनके नियमानुसार रिहाई की आवश्यक कार्रवाई की जाए। अपर जिला जज ने ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छांदित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं, उससे संबंधित बंदियों के मामलों को देखने के भी निर्देश दिए गए। जिला उपकारागार में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया, जिसमें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने तथा एक महिला के साथ रह रहें उसके छोटे बच्चे के लिए दूध की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया। एडीजे ने द्वारा बन्दियों के समीक्षा अभियान के सम्बन्ध में भी बताया गया।

समस्या गंभीर — बसों के आगे पीछे ई-रिक्शा और टेंपो के चक्कर लगाने से सड़क पर लग जाता है जाम

# रोडवेज परिसर में ई-रिक्शा व टेंपो का धड़ल्ले से प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा



रोडवेज परिसर में घूम रहे ई-रिक्शा और टेंपो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोडवेज परिसर महोबा में यात्रियों को लेकर आने वाली बस को देखते ही टेम्पो चालक और ईरिक्शा चालक सवारी के चक्कर में वाहनों को दौडाने लगते है और रोडवेज परिसर के अंदर प्रवेश कर जाते है, जिससे कभी भी बडा हादसा होने का खतरा पैदा हो सकता है। बावजूद इसके रोडवेज के अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहे है। इतना ही नहीं सवारी लेकर रोडवेज बस परिसर में प्रवेश भी नहीं कर पाती तब तक आटो, ईरिक्शा बस को घेर कर सवारी के लिए आवाज लगाने लगते, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

मालूम हो कि रोडवेज परिसर में पर्याप्त मैदान न होने के कारण बसें इसी मैदान में आगे पीछे होने के साथ तमाम बसे आती जाती रहती है, जिससे रोडवेज मैदान में बसों के आगे पीछे आटो रिक्शा और टेम्पो चालक अपने वाहन में यात्रियों को बैठाकर घूमते रहते है। सवारियां भरने के चक्कर में आटो और ईरिक्शा चालक वाहन लेकर रोडवेज परिसर के अंदर तक घुस जाते है और चौकीदार के आते ही जितनी सवारियों मिलती उन्हें लेकर आड़ा तिरछा निकालते हुए परिसर से बाहर निकलने लगते हैं, जिससे यात्रियों को दुर्घटना का खतरा बना रहा है। इतना ही नहीं कभी कभी बस को बैक करने के चक्कर में यह टेंपो चालक दुर्घटना का शिकार भी हो जाते है।

रोडवेज बस कानपुर, लखनऊ, बांदा, उरई आदि क्षेत्रों से सवारियों को लेकर रोडवेज परिसर के अंदर प्रवेश भी नहीं कर पाती इससे पहले आटो व ईरिक्शा चालक अपने वाहनों को बस के आगे पीछे सड़क पर ही रेलवे स्टेशन, आल्हा चौक, ऊदल चौक, भटीपुरा आदि की आवाजे लगाकर सवारियों को बुलाने लगते हैं, जिससे बसों की चपेट में आने का डर बना रहता है साथ ही सड़क पर जाम की स्थिति भी बन जाती है।

जाम लगने के बाद वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा इन टेंपो और ईरिक्शा चालको को हड़की दी जाती है, जिससे वह धीरे धीरे वहां से खिसक जाते हैं, लेकिन फिर भी टेंपो चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते है। उधर एआरएम महोबा का कहना है कि टेंपो, ई-रिक्शा का रोडवेज परिसर के अंदर आना माना है और इसके लिए गेट कीपर और चौकीदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही रोडवेज परिसर में ई-रिक्शा व टेंपो पकड़े जाने पर उन पर जुर्माना किया जाता है। फिर भी ऐसा होता दिखा तो कार्रवाई होगी।

# जगजीवनराम की याद में पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, महोबा



पूर्व उप प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद खड़े कांग्रेसी। अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने उपप्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर किया सहभोज

**अमृत विचार।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी महोबा के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी के नेतृत्व में स्वाधीनता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर प्रेमनगर की दलित बस्ती के एक आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसियों द्वारा पौधरोपण कर सहभोज भी किया गया। इसके अलावा कांगेसियों ने पूर्व उप प्रधानमंत्री के योगदान पर प्रकाश डाला गया।

स्व. बाबू जगजीवन रामजी पुन्यतिथि पर प्रेमनगर की दलित बस्ती के रामदयाल अहिरवार के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसियों ने पूर्व उपप्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने स्व0 बाबू जगजीवन रामजी बहुत ही सादगी से अपना जीवन यापन करते थे। कहा कि वह चुनाव लड़ा करते थे और वह भारत के सबसे पहले उप प्रधानमंत्री बने। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और पहली कैबिनेट में सबसे युवा नेता थे। उन्होने बताया कि प्रथम मंत्रिमंडल में स्व0 रामजी को श्रम मंत्री बनाया गया था और इंदिरा गांधी की सरकार में उनको केंद्रीय खाद्य एवं कृषि मंत्री भी बनाया गया।

अंत में उपस्थित कांग्रेसियों द्वारा दलित बस्ती में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए।

## एक नजर

### बचने में बाइक पुलिया के नीचे गिरी, दो घायल

**सुमेरपुर।** अचानक सामने बोलेरो आ जाने से बाइक सवार दो युवक पुलिया से नीचे बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवकों के पैर टूट गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल भेजा गया है। इंगोहटा निवासी लाईक (24) अपने साथी रजत (25) के साथ बाइक से किसी कार्य से विदोखर जा रहे थे।इंगोहटा विदोखर के मध्य अचानक सामने बोलेरो आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक बाइक सहित पुलिया के नीचे जा गिरे। इस घटना में दोनों युवकों के पैर टूट गए हैं। दोनों को एम्बुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के इमिलिया थोक में एक युवक ने शराब के नशे में धुत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने फांसी से उतारकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराय। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इमलिया थोक निवासी कामता अनुरागी (26) ने मंगलवार को दोपहर बाद घर में ही फांसी लगा ली। फांसी में झूलता देखकर परिजनों ने उसे फांसी से उतारकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण आज

**हमीरपुर।** अपर जिला अधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल चयन परीक्षा–2022 के आधार पर लेखपाल पद पर चयनित एवं संस्तुत लेखपालों को 10 जुलाई को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की भांति जनपद के नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर आयोजित कर लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक लाइव टेलीकास्ट कराए जाने तथा उक्त कार्यक्रम के समापनोपरान्त जनपद के नव चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र का वितरण 10 जुलाई को प्रात: 9:30 बजे डॉ.अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों की ओर से किया जाएगा।

# चार सड़कों के चौड़ीकरण की सिफारिश

## चंद्रावल नदी के परहेटा व करोड़न नाला में पारा, बिरखेरा और मउहर में लघु सेतु बनाने का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करते सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति।

- विधायक मनोज प्रजापति ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सौंपा पत्र
- सिफारिश मानी गई तो गैरजनपदों का काफी आसान होगा सफर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति ने मुलाकात की और मुख्यमंत्री को क्षेत्र में आवागमन में हो रही असुविधाओं से अवगत कराया। इसके लिए विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की चार सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराने और चार स्थानों पर लघु सेतु बनवाए जाने की स्वीकृति प्रदान करने की सिफारिश की है।

सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने दिए ज्ञापन में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बबेरू तिंदवारी सुमेरपुर मार्ग (एसएच-134) जिले को मंडल मुख्यालय, धार्मिक नगरी चित्रकूट को जोड़ता है। यह मार्ग एनएच-34, रेलवे स्टेशन सुमेरपुर, औद्योगिक क्षेत्र सुमेरपुर, कृषि मंडी, डिग्री कालेज, स्वास्थ्य केंद्र, केन नदी के खनन क्षेत्र को जोड़ने का मुख्य मार्ग है। मार्ग की वर्तमान चौड़ाई सात मीटर है। मार्ग पर अत्यधिक यातायात घनत्व देखते चौड़ाई कम होने से मार्ग पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस मार्ग को फोरलेन बनाए जाने से जनपद वासियों को मंडल मुख्यालय बांदा, धार्मिक नगरी चित्रकूट धाम, कृषि उपज को मंडी तक ले जाने, खनन से राजस्व की वृद्धि, विद्यार्थियों को विद्यालय तक जाने तथा बीमार रोगियों को चिकित्सा उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक आने जाने की सुविधा मिलेगी।

विधायक ने कहा कि चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण 16.250 किमी कार्य किया जाना आवश्यक है। वहीं सुमेरपुर ब्लाक में ग्राम पारा, बिरखेरा, मौहर के ग्राम वासियों के आवागमन को लेकर करोड़न नाले पर सेतु निर्माण की मांग की है। वहीं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मौदहा बिवांर जलालपुर कुपरा मार्ग एनएच-34, एसएच-42 को जोड़ते हुए जलालपुर कुपरा तक जाता है। जिसकी कुल लंबाई 44:350 किमी है। इस मार्ग की लंबाई 19.600 किमी की चौड़ाई 3.75 मी है तथा शेष भाग की चौड़ाई 7.00 मी है।

इस मार्ग पर खनन के भारी वाहनों गुजरने के कारण मार्ग प्रायः क्षतिग्रस्त रहता है। कम चौड़ाई के कारण मार्ग पर प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं, तथा आवागमन व्यवधान रहता है। लोगों की असुविधा को देखते 19.600 किमी लंबे मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराया जाना आवश्यक है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कदौरा बेरी कुरारा मार्ग पर बेतवा नदी में विभिन्न खदानों के क्षेत्र से गुजरता है। जिस पर खनन के भारी वाहनों गुजरने के कारण मार्ग प्रायः क्षतिग्रस्त रहता है। मार्ग की वर्तमान चौड़ाई 3.00/5.50 मी है। कहा कम चौड़ाई के कारण मार्ग पर प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस 24.100 किमी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य किया जाना आवश्यक है।

### कुरारा-मनकी मार्ग के सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव

- इसी तरह कुरारा से मनकी मार्ग जो हमीरपुर कालपी मार्ग (एसएच–91) व भोगनीपुर–घाटमपुर–चौडगरा मार्ग (एसएच–46) को जोड़ता है, जिसकी चौड़ाई 3.00/3.75 मीटर है। इस 23.150 किमी लंबे मार्ग चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य किया जाना आवश्यक है। वहीं ग्राम परेहटा के बगल से प्रवाहित मार्ग पर चंद्रावल नदी के जल प्रवाह के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है। विद्यार्थियों को विद्यालय तक जाने तथा बीमार रोगियों को चिकित्सा उपचार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र एवं किसानों को मंडी तक आने जाने में सुविधा के दृष्टिगत रपटा का निर्माण कार्य किया जाना आवश्यक है। विधायक ने ग्राम परेहटा के बगल से प्रवाहित मार्ग चंद्रावल नदी पर रपटा का निर्माण की मांग की।

## सार-संक्षेप



मंगलवार को डीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसी नेता उज्जवल पाठक। अमृत विचार

### निजी शिक्षण संस्थाओं की जांच कराने को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा मध्यवर्गीय छात्रों एवं अभिभावकों को अनपेक्षित एवं अतार्किक रूप से मूल्यवान/ महंगी पुस्तक एवं पाठ्य सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य करने पर के संबंध में कांग्रेस नेता उज्जवल पाठक ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। उन्होंने ऐसी शिक्षण संस्थानों पर कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस नेता उज्जवल पाठक ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि निजी शिक्षण संस्थान एवं पुस्तक प्रकाशन संस्थाएं प्रायोजित तरीके से मध्यवर्गीय तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभिभावकों और छात्रों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रहे है। कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार है। शिक्षा का उद्देश्य व्यापक सकारात्मक हैं, इससे शिक्षा के मूल उद्देश्य का हनन होता है तथा शिक्षा के व्यवसायीकरण को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से उक्त प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित संस्थाओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।



राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते जनपद न्यायाधीश। अमृत विचार

### लोक अदालत को लेकर अफसरों के साथ बैठक

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के द्वारा अपने विश्राम कक्ष में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई के सफल आयोजन के लिए बैंक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस विभाग के अधिकारीगणों के साथ बैठक की। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने सभी को लोक अदालत में वादकारियों के हित में ध्यान रखते हुए वादों के निस्तारण के लिए निर्देश दिया। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजलि गर्ग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निहारिका जयसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार, लीड बैंक मैनेजर सुनील यादव, उपजिलाधिकारी सरीला राज कुमार गुप्ता, जिलापूर्ति अधिकारी बीके शुक्ला, तहसीलदार सरीला रविन्दर सिंह पाल, अधिशासी अभियन्ता विद्युत विभाग रामराज, अधिशासी अभियन्ता उप खण्ड विद्युत विभाग राठ ललित कुमार बाजपेई, टेलीकॉम जिला प्रबंधक कमलेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जगपाल, शाखा प्रबंधक पीएनबी रिषीश त्रिपाठी, ट्रैफिक के हरवेन्द्र सिंह, परिवहन विभाग यात्री कर अधिकारी चन्दन पाण्डेय, यातायात के धनश्याम सिंह, जिला सूचना अधिकारी अभिमन्यु कुमार व अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला कल

**हमीरपुर।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा 11 जुलाई को दिन–गुरुवार को प्रात: 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय हमीरपुर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जॉब फेयर में कई प्रतिष्ठित कंपनियों / नियोजकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना Rojgaarsangam.up.gov.in ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों व फोटो सहित उक्त तिथि व समय पर मेले में प्रतिभाग करते हुए इस अवसर का लाभ उठा सकते है। किसी कारणवश ऑनलाइन न कर पाने की स्थिति में आप सीधे भी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# दो शिक्षकों के सहारे चल रहा इंटर कालेज

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सदर विधायक के पैतृक पौथिया गांव स्थित एसवी इंटर कॉलेज मात्र दो शिक्षकों भरोसे चल रहा है। बताते चलें कि बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव के एसवी इंटर कॉलेज में शिक्षकों का अभाव है। कक्षा छह से इंटर तक छात्र संख्या करीब 450 है। यहां पौथिया, कीरतपुर, नैठी, सहुरापुर, सिकरी, उजनेड़ी, महमूदपुर आदि गांवों के छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं। यहां सिर्फ दो ही टीचर जिसमें एक शिक्षक प्रधानाचार्य का कार्य देख रहे हैं। काजल, सीमा, प्रिया, मनीष, सेजल, पूनम, रविंद्र, अंशू, हिमेश वर्मा, नरेंद्र आदि छात्र छात्राओं ने बताया कि वह क्लास में खाली बैठे रहते हैं। हम लोगों की पढ़ाई चौपट हो रही है। मजे की बात तो यह है



बिन शिक्षक के क्लास में पढ़ाई करते छात्र और छात्राएं। अमृत विचार

कि एक शिक्षक 450 बच्चों को कैसे पढ़ाते होंगे। एक शिक्षक 30 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए थे। दो शिक्षकों का ट्रांसफर चार जुलाई को हो गया है। अभिभावक संतोष, जयराम, राजा भइया, बच्चा, कल्लू, जनक, प्रहलाद, दयाशंकर, बाबू आदि लोगों ने बच्चों की बर्बाद हो रही पढ़ाई को लेकर चिंता जताई है, उन्होंने डीएम, डीआईओएस से शिक्षक बढ़ाने की मांग की है।

# डंपर की टक्कर से बच्चे की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने आ रहे पत्नी बेटे के साथ बाइक सवार युवक को नेशनल हाईवे में इंगोहटा के समीप डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में डेढ़ वर्ष की पुत्र की मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर है, जबकि युवक का पैर टूट गया है। चालक डंपर छोड़कर इंगोहटा पुलिस चौकी पहुंच गया है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है।

महोबा जनपद के कबरई कस्बा के शंकरपुरवा मोहल्ला निवासी जितेंद्र अनुरागी (26) अपनी पत्नी प्रभा (24) व डेढ़ वर्षीय पुत्र प्रशांत के साथ बाइक से अपनी ससुराल कस्बे के इमिलिया थोक में शादी समारोह में शामिल होने आ रहा था। करीब 3:00 बजे इंगोहटा के समीप हाईवे पर बाइक में डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो



घायलों को एंबुलेंस में ले जाते कर्मी।

- हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी भी गंभीर रूप से घायल
- शादी समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे थे सुमेरपुर

गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस की मदद से सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्रशांत को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

प्रभा की हालत गंभीर होने तथा जितेंद्र का पैर टूटा होने के कारण दोनों को सदर अस्पताल पर किया गया है। उधर घटना की सूचना ससुराल में पहुंचते ही कोहराम मच गया है और शादी की खुशियां काफूर हो गई है। जितेंद्र पारिवारिक साली की शादी में शामिल होने पत्नी व बेटे के साथ आ रहा था। बेटे की मौत की खबर के वह बदहवास हो गया है।

### जखेड़ी मोड़ पर बाइक से गिरकर युवक घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के खरेला का निवासी युवक शिवम जो कि खरेला से कस्बा आ रहा था। तभी रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के जखेड़ी मोड़ पर अचानक उसकी तेज रफ्तार बाइक सड़क पर फिसल गई, जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# बीडीओ ने रिठारी का देखा हाल

संवाददाता, कुरारा हमीरपुर

**अमृत विचार।** रिठारी ग्राम पंचायत में शासन से संचालित योजनाओं का बीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र कराने के निर्देश सचिव व प्रधान को दिए।

मंगलवार को रिठारी पहुंचे खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया। वहां आय, जाति, निवास, पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं सम्मान निधि के आवेदन ऑनलाइन होते मिले। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, पेंशन, पेयजल के बारे में पंचायत सहायक से जानकारी ली। कार्यालय का इनवर्टर खराब होने पर प्रधान को सही कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में हो रहे खड़ंजा



रिठारी गांव में अमृत सरोवर का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

निर्माण, शौचालय, पुलिया निर्माण कार्य देखा। मनरेगा से खड़ंजा कार्य, भूसा घर, मॉडल शॉप, चकरोड आदि का मौके पर निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। जहां पानी की टंकी लाइट आदि की व्यवस्था ठीक-ठाक पाई गई। मौके पर शौचालय संचालक मिला। अमृत सरोवर तालाब, एएनएम केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही गौशाला की टीनशेड आदि का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत में झाड़ियों को कटवाने, नाली सफाई आदि कार्य कराने के साथ दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर गोष्ठी

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में विद्यार्थियों की संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस मौके पर उमाशंकर ने राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संस्था से जुड़ने का आह्वान किया।

बैठक में जिला संगठन मंत्री मोहित सिंह, तहसील संयोजक अभय प्रताप, अनुराग, सत्यम, आर्यन, शुभम, प्रखर, आकाश, मोनू एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन दिव्य निगम (पूर्व नगर मंत्री) ने किया।

# कार्यशाला में अव्यवस्था, भड़के ब्लाक प्रमुख

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** संचारी रोग की रोकथाम के लिए ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फर्श में बैठा दिया गया। यह देख कर ब्लॉक प्रमुख ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का अपमान है। भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। प्रभारी डीपीओ ने बैठक में पहुंची सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।

मंगलवार को संचारी रोग की रोकथाम के लिए ब्लाक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यशाला सुबह 10:00 बजे शुरू हुई।संचारी रोग की रोकथाम की जानकारी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आमिर खान को प्रोजेक्टर के माध्यम से उनको दी जानी थी।



सुमेरपुर में कार्यशाला के दौरान फर्श पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

लेकिन वह लैपटॉप से ही इसकी जानकारी दे रहे थे। जिसमें वह कुछ समझ नहीं पा रही थी। साथ ही सभागार में सभी कार्यकत्रियों को फर्श पर बैठा दिया गया था। करीब 11:00 बजे ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ब्लॉक आए और कार्यालय पटलों को देखते हुए सभागार जा पहुंचे। यहां पर फर्श में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बैठा देखकर उन्होंने सुपरवाइजर शशिकांती व तारा देवी को जमकर फटकार लगाई और अव्यवस्थाओं से जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह को अवगत कराकर कार्यशाला से सीडीपीओ प्रीति भिलवारे के

- प्रभारी डीपीओ ने सीडीपीओ से मांगा स्पष्टीकरण

नदारत होने की जानकारी दी। सुपरवाइजरों को फटकारते हुए कहा कि भविष्य में बैठक के पूर्व सभी इंतजाम कराया जाए। करीब 12:30 बजे ब्लाक पहुंची सीडीपीओ ने ब्लॉक प्रमुख को बताया कि उनके पास बैठक का कोई बजट नहीं है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि वह बैठक के इंतजाम करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री विजयलक्ष्मी, नीलम सिंह,सुनीता पाठक, जनक सुता, राजकुमारी,गीता अनुरागी, सविता गुप्ता, रामदेवी, उमा देवी आदि ने बताया कि बैठक में अफरा तफरी होने के कारण उन्हें किसी तरह की जानकारी सही से नहीं मिल सकी है। प्रभारी डीपीओ ने बताया कि सीडीपीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।

# मीटर रीडरों के प्रति लोगों में बढ़ रही नाराजगी

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में बिजली विभाग के मीटर रीडर के प्रति उपभोक्ताओं में आक्रोश है। पहले कस्बे में एक ही मीटर रीडर था। उसका एक्सीडेंट हो जाने पर, अब कहीं बाहर के मीटर रीडरों की चार पांच सदस्यों की एक पूरी टीम आती है। उनके साथ एक बिजली विभाग का कर्मचारी भी होता है।

टीम गांव में किसी का बिल निकालते है, किसी का बिल नहीं निकलते और जिसका बिल नही निकालते उसका बाद में घर बैठे ही बिल निकाल लेते। जिससे ये होता है कि किसी का बिल उसी पिछली रीडिंग का ही निकाल देते है। जिससे उपभोक्ता को मीटर चार्ज का बिल देना ही पड़ता है और उसके मीटर में रीडिंग इकट्ठी होती रहती है। जिसका बिल उसे एक साथ देना ही पड़ता है। जब उसके घर जाकर बिल निकालते है। जब मीटर रीडिंग टीम से इस बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि आधे बिल ऑनलाइन ही बने है, हमने नहीं बनाए। बिजली विभाग के कर्मचारी से जब पूछा गया तो उसका कहना था मेरी तो ड्यूटी इनके साथ लगाई गई है। बिल बनाने का काम इनका है। बाद में मीटर रीडिंग टीम का जवाब था की इस बारे में जेई साहब से बात करिए। जब पावर हाउस में जेई से पूछा गया तो उनका कहना था कि ऐसी शिकायतें आईं हैं। मीटर रीडिंग टीम से बात करने के बाद ही कुछ बता पाएंगे।

**एकीकृत बागवानी मिशन** | राजकीय नर्सरी प्रक्षेत्र के तहत जनपद में मंजूर हुईं दो हाईटेक नर्सरियां, मगर सिर्फ पौथिया में ही हो सकी तैयार

# हाईटेक नर्सरी से सब्जी उत्पादकों को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** एकीकृत बागवानी मिशन कार्यक्रम के तहत राजकीय नर्सरी प्रक्षेत्र के तहत दो हाईटेक नर्सरी खोलने का फैसला किया गया, लेकिन जिले में एक ही नर्सरी का निर्माण शुरू हो सका है। इसके बनने से किसानों को सब्जी उत्पादन में बढ़ावा मिलेगा और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद मिल सकेगी।

जिले में सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के पौथिया गांव में एक करोड़ नौ लाख रुपये की लागत से नर्सरी का निर्माण अगले तीन चार महीने में पूरा होने की संभावना है। इससे किसानों को सुरक्षित पौधे उगाकर उन्हें बिक्री की जाएगी। इसका निर्माण पार्थ



पौथिया में तैयार हो रही हाईटेक नर्सरी। अमृत विचार

साईं कंपनी करा रही है। प्रदेश में सब्जी भाजी कार्यक्रम में किसानों को तकनीकी ढंग से पौध उगाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। कभी बरसात व कभी धूप के कहर के चलते पौध उग नहीं पाती थी। जिससे सब्जी का उत्पादन सही ढंग से नहीं हो पाता है और किसान सब्जी की खेती के दूर भाग रहा है।

शासन ने इसके लिए हाईटेक नर्सरी खोल कर उसमें हार्डिनल चेंबर जिसमें बीज को बोकर उसकी पौध तैयार की जाती है। पाली



पौथिया नर्सरी में तैयार पौधे।। अमृत विचार

हाउस, जनरेटर सेट, नेट हाउस का निर्माण किया जा रहा है। इसमें एक करोड़ नौ लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। शासन का मानना है कि सब्जी तकनीकी ढंग से पैदा कर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकता है। यही नहीं जो किसान अपना बीज हाईटेक नर्सरी को देगा उसे बोकर सुरक्षित पौध मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए उचित कीमत मिलेगी। जो पौध तैयार कर किसानों के दी जाएगी उसका भी उचित मूल्य लिया जाएगा।

### नर्सरी के निर्माण में गड़बड़ी के लग चुके गंभीर आरोप

- पौथिया शाकभाजी प्रक्षेत्र में हाईटेक नर्सरी निर्माण में अनियमितताओं पर उंगली उठ चुकी है। मामले की शिकायत सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने शासन स्तर पर की थी। लेकिन शासन स्तर पर जांच को दबा दिया गया। वहीं इस मामले में जिला स्तर पर जरूर जांच कमेटी द्वारा जांच करने की बात डीएचओ की ओर से कही जा रही है।

### दो प्रस्तावित हाईटेक नर्सरियों में सिर्फ एक ही बनेगी

- जिले में प्रस्तावित नर्सरियों का निर्माण मनरेगा के तहत कराया जाएगा। पौधिया ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण राजकीय नर्सरी प्रक्षेत्र में बनाया जाना है, जबकि दूसरी हाईटेक नर्सरी केवीके कुरारा में बनाया जाना था, मगर कुरारा नगर पंचायत नगरीय में आता है। इसलिए जिले में केवल एक नर्सरी ही बनेगी।

## एक नजर

### दो भाइयों में मारपीट

**मौदहा( हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछछ निवासी रामसनेही पुत्र बसंता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार की रात जब वह शौच कर वापस लौट रहा था। तभी उसके भाई बरदानी ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि गाली गलौज से मना करने पर बरदानी ने डंडे से पीटना शुरू कर दिया। जिससे उसके गंभीर चोंटे आईं हैं। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करा मामला दर्ज कर लिया है।

### एएसपी ने पुलिस बल के साथ किया रूट मार्च

**मौदहा।** आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद व्यवस्था कर रहा है। जिसके चलते मंगलवार शाम अपर पुलिस अधीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के विभिन्न इमाम चौकों और रास्तों का दौरा किया। आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर बार बार पीस कमेटी की बैठक में आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के बाद प्रशासन ने स्वयं व्यवस्था देखने का काम शुरू कर दिया है इसी के चलते मंगलवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कस्बे के विभिन्न इमाम चौकों और मोहर्रम की अलग अलग तारीखों पर निकलने वाले जुलूस के मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखीं इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज मौजूद रहे।

### ट्रक का टायर फटा, चपेट में आकर युवक घायल

**मौदहा( हमीरपुर)।** राष्ट्रीय राजमार्ग में ट्रक का टायर फटने से युवक घायल लहुलूहान हो गया। साथियों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 34 में मंगलवार की दोपहर बड़े चौराहा के निकट ट्रक का टायर फट गया। जिससे कस्बा फतेहपुर निवासी सोहेल (24) पुत्र हसन घायल हो गया। लहूलुहान हालत में साथियों की मदद से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### गांजा तस्करी में छह माह की कैद

**हमीरपुर।** मादक पदार्थ की तस्करी मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार का जुर्माना लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया ने बताया कि चिकासी थाना पुलिस ने 25 फरवरी 2024 को कुरारा थानाक्षेत्र के बिलौटा गांव निवासी राजाभइया के एक किलो 100 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा था। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोषी राजाभइया को छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार का जुर्माना लगाया है।

### माधौगढ़ एसडीओ ने संभाला पदभार

**माधौगढ़ जालौन।** माधौगढ़ में नवनियुक्त एसडीओ शिव रतन यादव ने पदभार संभाला। पदभार संभालते ही नवनियुक्त एसडीओ शिवरतन यादव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सरकार की मनसा के अनुरूप कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो भी अवैध रूप से कार्य किया जा रहे हैं उनको बंद कराया जाएगा।

# डिजिटल हाजिरी का शिक्षकों ने किया विरोध, की नारेबाजी

## प्रत्येक विकासखंड में बैठक कर बनाई चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अपनी मांगों के समर्थन में तथा ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में जनपद के प्रत्येक विकासखंड के बीआरसी केंद्रों में बैठक कर चरणबद्ध विरोध की रणनीति बनाई गई। सभी विकासखंड में उपस्थित सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध किया।



कुरारा बीआरसी केंद्र में नारेबाजी करते शिक्षक। अमृत विचार

मौदहा इकाई की बैठक बीआरसी केंद्र में आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन उपस्थिति एवं डिजिटलाइजेशन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा भविष्य में इस डिजिटल उपस्थिति के एकतरफा अव्यावहारिक आदेश के खिलाफ बताए गए कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए रूपरेखा तय की गई और रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री मो.अख्तर , राघवेन्द्र सिंह महेश अनुरागी मुईन उद्दीन, प्रमोद कुमार ज़फर महमूद इकरार हुसैन, ब्रहम प्रकाश, फिरोज़उद्दीन, अजय पांडे, जीतेन्द्र सिंह, निशात बानो, किरनलता, लक्ष्मी कुशवाहा, शाहीन बानो, रिज़वाना परवीन, ममता प्रजापति, अंकिता शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

राठ संवाद के अनुसार गोहांड बीआरसी कार्यालय परिसर में मंगलवार उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों की ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में बैठक की गई। जिसमें शिक्षकों ने राज्य कर्मचारियों की तरह ही शिक्षकों को भी सुविधायें उपलब्ध कराने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, राज्य कर्मचारियों की तरह 31 उपार्जित, 12 द्वितीय शनिवार, अर्ध अकस्मित अवकाश आदि मांगे शामिल है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष जयप्रकाश, मंत्री असलम इकराम, दीपिका, अनिल राजपूत, गुलाजारी लाल, जगत सिंह, नरपत, महेश कुमार, धीरेंद्र, धर्म सिंह, विनोद कुमार रहे।

# ब्लॉक रामनगर में हुई एक सचिव की तैनाती

**खबर का असर**

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)


विकास की रफ्तार में ब्रेक न लगा दे कर्मचारियों की कमी


ब्लाक में कर्मचारियों की कमी बनी विकास में रोड़ा

ब्लॉक में कर्मचारियों की कमी पर 'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

**अमृत विचार।** आकांक्षी विकास खंड रामनगर में कर्मचारियों की तैनाती होने लगी है। मंगलवार को एक सचिव ने कार्यभार ग्रहण किया। आशा जताई जा रही है कि अभी और नियुक्तियां होंगी।

गौरतलब है कि ब्लाक में कर्मचारियों और अधिकारियों की कमी को लेकर 'अमृत विचार' ने समय समय पर समाचार प्रकाशित किए और सवाल उठाया कि जब कर्मचारी ही न होंगे तो यहां का विकास कैसे होगा, सरकार की मंशा कैसे पूरी होगी। हाल ही में सात जुलाई को भी, ब्लाक में कर्मचारियों की कमी बनी विकास में रोड़ा, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। ऐसा लगता है कि अब ब्लाक में कर्मचारियों की कमी की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान गया है। मंगलवार को विकास खंड मऊ से स्थानांतरित सचिव कुसुम पाल ने रामनगर में कार्यभार ग्रहण कर लिया। रामनगर की 38 ग्राम पंचायत

**● आकांक्षी ब्लॉक में है कर्मचारियों की कमी**

को 12 कलस्टर में विभक्त किया गया है। नियमानुसार प्रत्येक कलस्टर में एक सचिव की तैनाती होनी चाहिए।

कुसुम पाल के आने के बाद अब रामनगर में कुल नौ सचिव हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां सचिव रहना ही नहीं चाहते। आने के बाद ही जाने की जुगत में लग जाते हैं। बताया तो यहां तक जाता है कि कई सचिव अभी भी जोड़तोड़ लगाकर तबादले की जुगाड़ में हैं। दावे तो यहां तक हैं कि एक दो का तबादला हो गया है लेकिन सचिव की कमी के कारण इनको रिलीव नहीं किया जा रहा। उधर, अभी भी यहां एडीओ पंचायत की तैनाती नहीं है।


स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर माला अर्पित करते सांसद अजेंद्र सिंह लोधी।

# सांसद ने स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर टेका माथा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सांसद बनने के बाद पहली कस्बा आए अजेंद्र सिंह लोधी ने स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर माथा टेका। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे। वहां बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि सभी इंडिया गठबंधन की जीत है। कहा कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही जीत संभव हुई है। गांव में रहने वाले गरीब मजदूर किसान व व्यापारियों की जीत है। कहा वह साधारण किसान परिवार से हैं। वह सभी की समस्याएं भली-भांति जानते हैं। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि हमें अनुशासित रह कर अपने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार बनानी है। पुष्पेंद्र सिंह यादव ममना ने कहा कि अब

**● कार्यकर्ताओं ने सांसद का गर्मजोशी से किया स्वागत**

अजेंद्र सिंह यहां के सांसद ही नहीं बल्कि प्रदेश में पूरे लोधी समाज के नेता बन गए हैं।

सपा जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि वह हमीरपुर विधानसभा के विशेष आभारी हैं जिन्होंने राठ विधानसभा की संघर्ष की स्थिति को जीत की दहलीज पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम का संचालन डा सलीम खान ने किया। इस मौके पर डा सुल्तान मंसूरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामसहोदर, मुलायम सिंह लोधी, बोकल राजपूत, चंद्रवती वर्मा, विमलेश कुमारी, बाबू औरेड़ा, कंचन राजपूत, चंद्रभान, नीलम यादव, विशाखा यादव, रामस्वरूप किसान, गोविंद अहिरवार, रामप्रकाश शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दिवंगत एसआई को गार्ड ऑफ ऑनर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में दिवंगत पुलिस सब इंस्पेक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी गई। डीआईजी व एसपी ने रीत चढ़ाकर पुष्पांजलि दी। साथ ही मृतक आश्रितों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

मूल रूप से प्रयागराज जिले के तिवारीपुर निवासी संतोष कुमार भारतीय (48) पुत्र प्यारे लाल 8 अक्टूबर 1990 को आरक्षी के पद पर जनपद कानपुर नगर से पुलिस में भर्ती हुए थे। संतोष भारती 30 अगस्त 2019 को जनपद बांदा में नियुक्त हुए। 6 अक्टूबर 2023 को उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किए गए। बदौसा थाना में वह हेड


दिवंगत एसआई संतोष कुमार भारतीय को सलामी देते अफसर। अमृत विचार

मुहर्रिर पद पर तैनात रहे। बदौसा के मालखाना का चार्ज देने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। सीएचसी में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पुलिस लाइन में दिवंगत उप निरीक्षक को गार्ड आफ आनर देकर डीआईजी अजय कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने रीत व पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। आश्रितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र, सीओ लाइन गवेंद्र पाल गौतम, सीओ नगर राजीव प्रताप सिंह, सीओ सदर अजय कुमार सिंह आदि रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**बांदा।** हरियाणा के सेक्टर 86 बड़ागांव जनपद गुरूग्राम में अपने पति के साथ मेहनत मजदूरी का काम कर रही महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसका रिश्तेदार निवासी ग्राम परसहर थाना कालिंजर जो कि उसके घर के निकट रह रहा है। उसने बीती 23 जून की दोपहर में जबरिया उसके साथ दुराचार किया है। पीड़िता ने बताया कि वह इस घटना से आहत होकर अपने पति और बच्चों के साथ अपने मायके बांदा जिले के एक गांव में आ गई और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर न्याय की फरियाद की। जिनके आदेश पर थाना कोतवाली देहात ने आरोपी विनोद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसे अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है, जिसकी गिरफ्तारी की जाए।

# पहली पत्नी के रहते पति रचा रहा दूसरी शादी

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पहली पत्नी के होते पति दूसरी शादी रचा रहा है। 14 जुलाई को शादी करने की जानकारी मिलने पर पहली पत्नी ने थाने में पति के खिलाफ तहरीर देकर शादी रुकवाने की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसका ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा है।

थाना मुस्करा के बसवारी गांव की निवासी नर्मदा पुत्री चंद्रभान की शादी 6 साल पहले थाना क्षेत्र के अतरार गांव के रामबालक पुत्र छुन्ना के साथ हुई थी। ससुराली उसपर मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाव बनाने लगे। महिला के इंकार करने पर प्रताड़ित करने लगे। शादी के बाद दूसरी बार उसके

**● पीड़िता ने कहा, दहेज को लेकर घर से भगा देने का अदालत में चल रहा मुकदमा**

ससुराल जाने पर पति रामबालक, ससुर छुन्ना, सास गिरिजा देवी ने मांग पूरी न होने पर मारापीटा और घर से बाहर निकाल दिया। तब से वह मायके में हैं। महिला ने दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। जिसका मुकदमा चल रहा है। महिला ने बताया कि उसका पति थाना सिसोलर के भुलसी गांव में एक युवती के साथ आगामी 14 जुलाई को शादी कर रहा है। महिला ने शादी में रोक लगाए जाने की तहरीर थाने में दी है।

## सार-संक्षेप

### संपर्क क्रांति वाया बांदा चलाए जाने की मांग

**मौदहा( हमीरपुर)।** इंडिया गठबंधन के लोगों के साथ सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने मुलाकात कर चुनाव में सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर आगामी कार्य की रणनीति बनाई। बैठक में ओम प्रकाश शिवहरे ने सतना से दिल्ली तक सम्पर्क क्रांति ट्रेन वाया बांदा, कानपुर, हमीरपुर की रागौल स्टेशन से चलाए जाने की मांग की। कहा कि यह ट्रेन इसी लाइन के लिए स्वीकृत थी। यहां से दिल्ली के लिए कोई गाड़ी नहीं है और रेल मंत्री से मिलकर या सदन में इस सवाल को उठाकर यहां की मांग पूरी कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस मौके पर पार्टी नेता डॉ. शाहिद अली, शफकतुल्लाह राजू, यूथ कांग्रेस के विवेकचंद व जाकिर उर्फ बब्बन बाबा आदि मौजूद रहे। वहीं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता व गुलाम अहमद ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। शादाब बिट्टू आदि ने भी गठबंधन के नेताओं के साथ सांसद गठबंधन नेताओं के साथ बैठक कराई। देर शाम सिसोलर के महाराजा बाबा में एक विशाल सभा में बोलते हुए सांसद ने क्षेत्र व पूरी हमीरपुर विधानसभा का अभार व्यक्त किया। कहा कि यहां के लोगों ने दिल जान से मेहनत कर उन्हें यहां तक पहुंचाया। यहां के सभी वर्गों, दलों के नेताओं सभी का वह आभार व्यक्त करते हैं जो इंडिया गठबंधन का समर्थन किया।

### महिला ने प्रबंधक पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

**राठ( हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर एक निजी विद्यालय के प्रबंधक पर गाली गलौज कर अभद्रता करने व सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि वह एक निजी विद्यालय में काम करती है। बताया कि वह विद्यालय परिवार के अंदर बैठकर खाना खा रही थी। तभी विद्यालय का प्रबंधक आया और उसे घूरने लगा तथा उसके साथ अभद्रता से बात करने लगा। बताया कि उसके विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे सार्वजनिक रूप से बेइज्जत किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम ने दुकानदारों को चेतावनी देकर हटाया

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के रामलीला मैदान में सड़क के किनारे सब्जी एवं फल की दुकानें तथा हाथ ठेला लगाकर अतिक्रमण करने वाले सब्जी और फल विक्रेताओं को उप जिला अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने कार्रवाई की कड़ी चेतावनी देते हुए सड़क के किनारे फल और सब्जी बेचने वाले सब्जी और फल विक्रेताओं को सड़क से हटकर रामलीला के मैदान में अपनी दुकान लगाने के लिए कहा। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं को समझाते हुए कहा कि उनके द्वारा सड़क के किनारे दुकाने लगाने से अतिक्रमण होता है और सड़क पर जाम भी लग जाता है। जिससे यातायात बाधित होता है और हजारों राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति सड़क के किनारे दुकान लगाकर अतिक्रमण करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

### प्रशिक्षु पीसीएस ने संभाला बीडीओ का चार्ज

**माधौगढ़, जालौन।** अतिरिक्त पीसीएस अधिकारी पवन पटेल ने खंड विकास अधिकारी रामपुरा के रूप में पदभार ग्रहण किया है। जनपद चित्रकूट के मूल निवासी पवन पटेल 2023 के पीसीएस अधिकारी है। अपनी नियुक्ति के उपरान्त प्रशिक्षण काल के दौरान जिलाधिकारी जालौन कार्यालय में अतिरिक्त अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके है तदुपरांत जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे द्वारा पटेल को बतौर प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अनुभव करने के लिए विकासखंड रामपुरा में खंड विकास अधिकारी के रूप में अस्थाई नियुक्त दी है। नवागंतुक पीसीएस अधिकारी पवन पटेल के विकासखंड रामपुरा कार्यालय में खंड विकास अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने पर ब्लॉक में उपस्थिति सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) भारत सिंह, नौशाद अली एडीओ (आईएसबी),शाइस्ता खान बीएमएम, गौरव कंप्यूटर ऑपरेटर, राममोहन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, अनिल बाबूजी ,ओम नारायण पाल, रामबरन ,केशवकांत ,जलील सिद्दीकी तकनीकी सहायक ,मुकेश सविता ,रत्नेश कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### तीन दंपति हंसी-खुशी साथ रहने को हुए तैयार

**बांदा।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक मसलो को समझा बुझाकर सुलह कराते हुए तीन परिवारों को टूटने से बचा लिया। यह तीनों परिवार आपसी सहमति पर खुशी–खुशी साथ रहने के लिए राजी हो गए। परिवार परामर्श केंद्र में बिसंडा थाना क्षेत्र की निवासी माया, रचना व चिल्ला थाना क्षेत्र की निवासी प्रियंका द्वारा अपने–अपने पतियों व ससुरालीजनों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल को शिकायती पत्र प्रेषित किया गया था, जिसमें प्रताड़ना का आरोप लगाया गया। यह आवेदन परिवार परामर्श केंद्र को भेजे गए, जिस पर केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को सुनने के बाद द्वितीय पक्ष से संपर्क कर उन्हें परामर्श केंद्र बुलाया गया और दोनों पक्षों के बीच समझा बुझाकर आपस में लड़ाई झगड़ा न करने और पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दोनों ही पक्ष सुलह के साथ साथ रहने के लिए राजी हो गए। तीनों परिवारों को टूटने से बचाने के लिए सुलह कराने वाली टीम में परिवार परामर्श केंद्र की उप निरीक्षक अनुपमा तिवारी, काउंसलर सुरेशचंद्र जायसवाल, आरक्षी भानु प्रकाश तथा उर्दू अनुवादक कनीज जहरा शामिल रही।

### शिक्षक एमएलसी ने समझा शिक्षकों का दर्द

**बांदा।** इलाहाबाद–झांसी शिक्षक खंड से विधान परिषद सदस्य डा.बाबूलाल तिवारी ने आखिरकार प्राइमरी शिक्षकों का दर्द समझा और शिक्षकों के दर्द को मुख्यमंत्री के साथ साझा करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण करने की बात रखी। डा.तिवारी ने मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, प्रोन्नति समेत कई मांगों को प्रमुखता से उठाया। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चित्रकूटधाम मंडल समेत झांसी मंडल के जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक राजधानी स्थित अपने सरकारी आवास में बुलाई। जिसमें दोनों मंडलों के जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग अपने क्षेत्र की समस्याओं का भी जिक्र मुख्यमंत्री से किया। वहीं शिक्षक एमएलसी डा.बाबूलाल तिवारी ने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर बताया कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति लागू करने के साथ साथ उनकी समस्याओं का भी अध्ययन और यथासंभव निस्तारण किया जाना चाहिए। ताकि शिक्षकों की नाराजगी दूर करके शासन की मंशानुरूप शासनादेशों का क्रियांवयन किया जा सके। शिक्षक एमएलसी ने बेसिक शिक्षा विभाग में करीब 15 साल से ठप प्रोन्नति लागू करने, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने, शिक्षकों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, गैर शिक्षण कार्यों से मुक्ति देने समेत शिक्षकों को 15 सीएल, 15 हाफ सीएल और 25 ईएल दिए जाने की मांग उठाई।

## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्तें निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 30.07.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)

**भौतिक सत्यापन** | सफाई समेत विभिन्न गतिविधियों का किया स्थलीय निरीक्षण, प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बताया सफाई का महत्व

# अपर निदेशक ने परखी संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हकीकत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अपर निदेशक ने शहरी क्षेत्र में चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान का स्थलीय निरीक्षण करते हुए विभिन्न गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया। नगर पालिका परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र में सफाई कार्य, कूड़ा निस्तारण व फागिंग आदि की प्रगति जानी।

चित्रकूटधाम मंडल चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अपर निदेशक डा.रेखा रानी ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र निम्नीपार, फूटा कुआं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन किया। नगर पालिका परिषद और अन्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सफाई कार्य, कूडा निस्तारण, नालियों की सफाई, जल भराव का निस्तारण, मच्छर से



संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक व डीएमओ।

बचाव को नालियों में लार्वा निरोधक दवा का छिडकाव, फॉगिंग स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता आदि को देखा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय खिन्नी नाका में बच्चों से संवाद करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की प्रगति जानी। उन्होंने बच्चों को भेजन से पहले और शौच के बाद हाथ धोने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, डिवीजनल अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर डीपी सिंह, बायोलॉजिस्ट अतुल कुमार, मलेरिया निरीक्षक परीक्षित द्विवेदी व भानू प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग से बचाव के लिए बच्चों को लगाए टीके

**कुठौंद जालौन।** विकास खंड कुठौंद की ग्राम पंचायत बिचौली में कुठौद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी व ग्राम प्रधान महेश कुमार के द्वारा ग्राम पंचायत बिसौली में टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई जिसमें छोटे बच्चों को संचारी रोग से बचाने के लिए टीका लगाकर और विटामिन ए की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी, डॉक्टर अवनीश सचान, यूनिसेफ से डॉक्टर स्वाति, एएनएम रानी, किशोरी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा के साथ-साथ ग्राम के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर अरुण तिवारी व ग्राम प्रधान महेश कुमार ने संयुक्त रूप से वहां उपस्थित ग्रामीणो को बीमारियों से बचने के कई उपाय बताएं और उन्होंने कहा कि अपने घर के आस-पास गंदगी ना होने दे तथा पानी का भराव ना होने दें, जिससे मच्छर पैदा होते हैं तथा साफ सफाई पर विशेष जोर दिया उन्होंने कहा की बरसात के समय में अनेक तरह के कीड़े मकोड़े पैदा होते हैं जो हमको दिखाई नहीं देते हैं तो इसलिए भोजन करते समय हमेशा हाथ साबुन से धोएं तथा घर में साफ सफाई रखें जिससे होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

